सामाजिक परिवर्तन
(Social Change)

समाज एक परिवर्तनशील व्यवस्था है, प्रत्येक समाज में चाहे — अनचाहे परिवर्तन की प्रक्रिया चलती रहती है, विश्व में ऐसा कोई भी समाज नहीं है जो परिवर्तन की प्रक्रिया से अछूता है। सामाजिक परिवर्तन एक सार्वभौमिक एवं अनिवार्य प्रक्रिया है। परिवर्तन या तो समाज के समस्त ढांचे में आ सकता है अथवा समाज के किसी विशेष पक्ष तक ही सीमित हो सकता है। परिवर्तन एक सार्वकालिक घटना है, यह किसी-न-किसी रूप में हमेशा चलने वाली प्रक्रिया है। परिवर्तन क्यों और कैसे होता है इस समाजशास्त्रियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए है।

सामाजिक परिवर्तन एक विश्वव्यापी प्रक्रिया है, अर्थात सामाजिक परिवर्तन दुनिया के हर समाज में घटित होती है दुनिया में ऐसा कोई भी ऐसा समाज नहीं नजर आता, जो दीर्घकाल तक, स्थिर रहा हो या स्थिर हो। यह संभव है कि परिवर्तन की रफ्तार कभी धीमी और कभी तीव्र हो, लेकिन परिवर्तन समाज में चलने वाली एक सतत प्रक्रिया है, सामाजिक परिवर्तन के विविध स्वरूप होते है। प्रत्येक समाज में सहयोग, समायोजन, संघर्ष या प्रतियोगिता की प्रक्रियाएं चलती रहती है, जिनसे सामाजिक परिवर्तन विभिन्न रूपों में प्रकट होता है। परिवर्तन कभी एक रेखीय तो कभी बहुरेखीय होता है।

अर्थात परिवर्तन कभी समस्यामूलक होता है, तो कभी कल्याणकारी। परिवर्तन कभी अल्प - अवधि के लिए होता है, तो कभी दीर्घकालीन।

सामाजिक परिवर्तन की गति अनियमित या सापेक्षिक होती है। समाज के गति भी समान नहीं होती है। सामाजिक संरचना के सभी अंग समान रूप से गतिशील नहीं होते हैं। जैसे - ग्रामीण समुदाय की अपेक्षा शहरी समुदाय में परिवर्तन ज्यादा तेज गति से होता है।

सामुदायिक परिवर्तन ही वस्तुतः सामाजिक परिवर्तन है। इस कथन का मतलब यह है कि सामाजिक परिवर्तन का संबंध किसी विशेष व्यक्ति या समूह के विशेष भाग तक नहीं होता है। वही परिवर्तन सामाजिक परिवर्तन कहे जाते हैं जिनका प्रभाव समस्त समाज में अनुभव किया जाता है।

सामाजिक परिवर्तन की कोई निश्चित भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है। इसका मुख्य कारण यह है कि अनेक आकस्मिक कारक भी सामाजिक परिवर्तन की स्थिति पैदा करते हैं, इसलिए सामाजिक परिवर्तन के निश्चित स्वरूप की भविष्यवाणी हम नहीं कर सकते हैं। उदाहरणार्थ - मार्क्स ने पूँजीवाद के अन्त में समाजवाद के उत्थान की भविष्यवाणी की थी, लेकिन यह परिवर्तन अब तक साकार नहीं हो पाया है और न ही होने की सम्भावना है।